# कार्यालयः नगर पालिका परिषद, बिसौली (बदायूँ)

पत्रांकः– 122(3)/ न0पा0परि0बि0 / नि0सू0 / 2026–27 / दिनांकः– 18-05-26

## अल्पकालीन मैनुअल निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से राज्य वित्त आयोग / नगर पालिका निधि के अन्तर्गत वर्ष 2026–27 में निम्नलिखित निर्माण कार्य करवाने हेतु सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 03-06-26 को समय मध्यान्ह **12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 19-5-26 से 03-06-26 तक समय मध्यान्ह **12:00 बजे** तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिसौली पर नकद धनराशि जमा करके क्रय किये जा सकते हैं। समस्त कार्यों की निविदाऐं नगर पालिका परिषद, बिसौली में रखे निविदा बॉक्स में दिनांक 03-06-26 को प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक डाली जा सकेंगी। निविदाऐं अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों की उपस्थिति में **दिनांक** 03-06-26 को अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित आंगणन राशि (G.S.T. सहित) | अनुमानित आंगणन राशि (G.S.T रहित) | धरोहर राशि (10 प्रतिशत) | निविदा का मूल्य (G.S.T. सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बदायूँ चन्दौसी मार्ग पर रामलीला ग्राउण्ड के पास बने शौचालय का सौन्दर्यकरण कार्य। | 229755.00 | 194707.00 | 19500 | 200+56= 256 | 30 दिन |
| 2. | वार्ड नं0 13 में तहसील रोड पर सी0ओ0 पुलिस आवास के पास इण्टरलॉकिंग कार्य। | 372088.00 | 315329.00 | 31600 | 350+98= 448 | 30 दिन |
| 3. | वार्ड नं0 12 में शकील के मकान से मसरूर के मकान तक सी0सी0 से सड़क उच्चीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। | 160568.00 | 136074.00 | 13700 | 150+42= 192 | 15 दिन |
| 4. | वार्ड नं0 19 में अजयपाल मौर्य के मकान से नाले तक सी0सी0 से सड़क उच्चीकरण एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 85110.00 | 72127.00 | 7250 | 100+28= 128 | तदैव |
| 5. | नगर पालिका परिषद, बिसौली में 50 नग आर0सी0सी0 मैनुफैक्चर्ड कलर्ड बैन्चिस की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य | 265500.00 | 225000.00 | 22500 | 250+70= 320 | तदैव |
| 6. | शौचालय के रेट्रोफिट के लिए आपूर्ति और फिक्सिंग का काम, जिसमें एसीपी शीट वर्क, लोहे का फ्रेम, फेसिया लिड बोर्ड शामिल है, पार्किंग लाइट और सामने की दीवार पर रिफ्लेक्टेड शीट के साथ कंसील्ड लाइट फिटिंग वाला कार्य सार्वजनिक शौचालय की सभी सामग्री, श्रम, टी.एंड. पी. एवं स्थल की आवश्यकतानुसार कार्य दर अनुबन्ध के अनुसार कराया जाना है। | 1 Job | 1 Job | दरें स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित जमानत राशि | 500+140= 640 | 30 दिन |

**नियम व शर्तें–**

1. निविदादाता को निविदा के साथ कार्य से सम्बन्धित निविदा मूल्य की धनराशि नकद जमा करनी होगी।
2. निविदादाता को निविदा के साथ कार्य से सम्बन्धित निविदा धनराशि की 10 प्रतिशत धरोहर राशि नकद जमा/ एफ0डी0आर0 / एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बिसौली के नाम बंधक होना अनिवार्य होगा।
3. निविदाता को निविदा के नियम व शर्तें स्वीकार करते हस्ताक्षर उपरान्त निविदा प्रपत्रों के साथ सील बन्द लिफाफे में निविदा बाक्स में डाला जाना होगा।
4. निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आयकर PAN एवं जी0एस0टी0एन0 GSTIN पंजीकरण एवं श्रम विभाग में अधिष्ठान पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। स्वीकृत निविदा का कार्य निविदादाता को नियत समय–सीमा के अन्दर स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार कार्य को लोक निर्माण विभाग की विस्तृत विशिष्टियों एवं मानक गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण कराना होगा।
5. निविदादाता का निर्माण कार्य पूर्ण होने के दिनांक से एक वर्ष की अवधि पूर्ण होने के कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत राशि वापसी की जायेगी
6. निविदा की दरें समान होने की दशा में उनका निस्तारण लाटरी पद्धति से किया जायेगा।
7. निविदा स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार / फर्मों को सड़कों का निर्माण कार्य ऐज–टू–ऐज कराना होगा अर्थात् सड़कों के दोनों ओर नाली से नाली तक सड़क निर्मित करानी होगी। सड़क के साथ निर्मित नाली में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करानी होगी कि जल निकासी हेतु स्लोप (ढाल) / प्रवाह किस ओर है जल निकासी में कोई अवरूद्ध उत्पन्न न होने पाये। निर्धारित मानक के अनुरूप 300 एमपीए इन्टरलॉकिंग टाईल्स से निर्माण कार्य कराया जाये। ठेकेदार द्वारा इन्टरलॉकिंग टाईल्स / भट्टे की ईंट (ब्रिक) सड़क निर्माण में तब लगाई जायेंगी जब उसकी लोक निर्माण विभाग, बदायूँ / ए0एम0यू0 की तकनीकी अन्वेषण प्रयोगशाला में स्ट्रैन्थ / मसाले आदि के अनुपात की जाँच ठेकेदार के व्यय पर करा ली जायेगी। जांच सन्तोषजनक रूप में प्राप्त होने के उपरान्त ही भुगतान पर विचार किया जायेगा
8. निविदादाता को निविदा के साथ 100 रू0 के स्टाम्प पर स्व–घोषणा पत्र / शपथ पत्र इस आशय का संलग्न करना होगा कि निविदादाता किसी भी संस्था से ब्लैक लिस्टिड नहीं हुए हैं तथा साथ ही उन पर कोई आपराधिक मुकदमा व माफिया आदि गतिविधियों के रूप में कोई वाद उनके विरूद्ध किसी मा0 न्यायालय में पंजीकृत नहीं है। इसके साथ ही निविदादाता को शपथ पत्र में यह घोषणा करनी होगी कि हैसियत प्रमाण पत्र में दर्शाई गई सम्पत्ति का कोई अंश विक्रय / दान नहीं किया गया है।
9. निविदा के साथ सड़क सी0सी0 तथा इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य व नाली निर्माण कार्य का किसी नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायत व किसी संस्था से निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र (स्वयं प्रमाणित) संलग्न करना होगा।

क्रमशः...............02...............पर

10. निर्माण/स्थापना कार्य की निविदा स्वीकृति उपरान्त निविदादाताओं को सम्पादित किये हुए निर्माण/स्थापना कार्य का अनुरक्षण/रखरखाव एक वर्ष तक करना होगा। कार्य का सन्तोषजनक रखरखाव पाये जाने की दशा में ही सम्बन्धित निविदादाता को इसका भुगतान किया जायेगा।
11. निविदा स्वीकृति उपरान्त यदि निविदादाता द्वारा कार्य करने से इन्कार किया जाता है तो निविदा निरस्त करते हुए सम्बन्धित निविदादाता की धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा पालिका पर पड़ने वाला अतिरिक्त व्ययभार इन्कार करने वाले निविदादाता की जनरल जमानत से वसूल किया जायेगा, जिसकी सूचना ठेकेदार को पृथक से नहीं दी जायेगी।
12. एकल निविदा एवं समस्त निविदादाताओं के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी विभिन्न कार्यालय ज्ञाप/विज्ञप्ति/शासनादेशों/नियमों/आदेशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
13. शासन के निर्देशों के अनुरूप करों (यथा जी0एस0टी0/आयकर/सेसकर/रॉयल्टी आदि) की व्यवस्था लागू रहेगी।
14. निविदादाता को शासनादेश संख्या–622/23–12–2012–2 आडिट/08 टी0सी0–2 दिनांक 08 जून, 2012 के अनुपालन में अतिरिक्त परफोर्मेन्स गारन्टी से सम्बन्धित नियमों का पालन करना होगा।
15. सशर्त निविदा/डाक के माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
16. एक कार्य की निविदा एवं समस्त निविदाऐं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को निहित होगा।
17. उक्त निर्माण कार्यों की विशिष्टियों से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में की जा सकती है।
18. निविदा स्वीकृति उपरान्त नियत स्टाम्प पर निविदादाता को स्वयं के व्यय पर पालिका के साथ अनुबन्ध गठित करना होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

पत्रांक एवं दिनांकः–उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः–

1. अपर जिलाधिकारी (प्र0) महोदय, बदायूँ को सादर सूचनार्थ।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, बदायूँ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त सूचना को नेट पर डालने की कृपा करें।
3. उपजिलाधिकारी महोदय, बिसौली को सादर सूचनार्थ।
4. विज्ञापन प्रबन्धक, दैनिक हिन्दुस्तान एवं अमृत विचार.........को इस आशय से प्रेषित निविदा सूचना का कम से कम स्थान में सरकारी दरों पर प्रकाशन कर, बाद प्रकाशन अखबार की तीन प्रतियों सहित बिल वास्ते भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करें।
5. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
6. कम्प्यूटर आपरेटर, नगर पालिका परिषद, बिसौली को इस आशय से प्रेषित की उक्त निविदा को पालिका की वेबसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)